8073/20

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttar Pradesh

### e-Stamp

सत्यमेव जयते

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP11641194494691S |
| Certificate Issued Date | : | 03-Nov-2020 03:18 PM |
| Account Reference | : | SHCIL (FI)/ upshcil01/ MORADABAD/ UP-MRD |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUPSHCIL0116989590995601S |
| Purchased by | : | MS LOHIA INFRASTRUCTURE PVT LTD |
| Description of Document | : | Article 23 Conveyance |
| Property Description | : | AGRICULTURE LAND SITUATED AT VILLAGE PAKWARA TEH. AND DISTT. MORADABAD (KHASRA NO. 560) |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | MS LOHIA INFRASTRUCTURE PVT LTD |
| Second Party | : | MS LOHIA DEVELOPERS INDIA PVT LTD |
| Stamp Duty Paid By | : | MS LOHIA INFRASTRUCTURE PVT LTD |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 2,16,000 (Two Lakh Sixteen Thousand only) |

Verified By    Locked By

-----Please write or type below this line-----

LB 0011576948

Statutory Alert:

The authenticity of this Stamp certificate should be verified at www.shcilestamp.com or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

## बयनामा

| | |
|---|---|
| बयनामा | 28,25,000/–रू0 |
| मालियत | 30,81,000/–रू0 |
| स्टाम्प | 2,16,000/–रू0 // |

हम कि मैसर्स लोहिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0 5ए–114, फर्स्ट फ्लोर तिलकनगर नई दिल्ली द्वारा डायरेक्टर विभोर कुमार गुप्ता पुत्र श्री नारायन कुमार गुप्ता निवासी 9, 10 राजन इन्कलेव सिविल लाईन्स शहर व जिला मुरादाबाद विक्रेता (प्रथम पक्ष) एवम मैसर्स लोहिया डवलपर्स इण्डिया प्रा0 लि0 दिल्ली रोड मुरादाबाद द्वारा डायरेक्टर विनय कुमार गुप्ता पुत्र श्री नारायन कुमार गुप्ता निवासी 9, 10 राजन इन्कलेव सिविल लाईन्स शहर व जिला मुरादाबाद क्रेता (द्वितीय पक्ष) के हैं।

जो कि आराजी काश्त भूमिधरी खाता संख्या 00092 खसरा संख्या 560 रकबई 0.979 हैक्टे0 लगान बमुजिब खतौनी में से 0.195 हैक्टे0 स्थित ग्राम पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद जिस पर प्रथम पक्ष (विक्रेता) बहैसियत भूमिधर मालिकाना मालिक काबिज व दखील है। प्रथम पक्ष को इस आराजी की बावत विक्रय करने का पूर्ण अधिकार है तथा प्रथम पक्ष को अपने भाग को विक्रय

Vk ... [signature]

[signature]

करने में किसी प्रकार की कोई कानूनी अड़चन नही है। विक्रय की जाने वाली आराजी इस वक्त तक हर किस्म के बार, लोन सरकारी व गैर सरकारी व कुर्की व किफालत व नीलामी बगैरहा से कतई बरी व पाक व साफ है। गरज यह कि विक्रीत आराजी पर किसी प्रकार का कोई विवाद नही है। न ही इस आराजी पर किसी प्रकार का कोई बकाया आदि है तथा न ही किसी अन्य व्यक्ति का विक्रय की जाने वाली आराजी में कोई हक व हिस्सा है तथा विक्रय की जाने वाली आराजी की बावत विक्रेता (प्रथम पक्ष) ने किसी अन्य व्यक्ति को इकरारनामा या बयनामा नही किया है तथा न ही इस आराजी की बावत द्वितीय पक्ष (क्रेता) के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से कोई धनराशि प्राप्त की है। चूंकि कीमत भी मुनासिब मिल रही है लिहाजा हम (विक्रेता) प्रथम पक्ष ने खूब सोच व समझकर बिना बहकाये व सिखाये व दबाब नाजायज किसी के पूर्णतया अपनी सदबुद्धि से यह आराजी मुबलिग 28,25,000/–रू0 (अट्ठाईस लाख पच्चीस हजार रूपये) आधे जिसके 14,12,500/–रू0 (चौदह लाख बारह हजार पांच सौ रूपये) होते हैं द्वितीय पक्ष (क्रेता) (मैसर्स लोहिया डवलपर्स इण्डिया प्रा0 लि0 दिल्ली रोड मुरादाबाद द्वारा डायरेक्टर विनय कुमार गुप्ता पुत्र श्री नारायन कुमार गुप्ता निवासी 9, 10 राजन इन्कलेव

VKwb[illegible]

[illegible]

सिविल लाईन्स शहर व जिला मुरादाबाद) को वय और फरोख्त कामिल करके कुल जरे समन उसका हस्ब तफसील जैल द्वितीय पक्ष क्रेता से वसूल पाकर तमामी शय मुबईया मजकूर वाला का कब्जा व दखल द्वितीय पक्ष (क्रेता) को दे दिया है। आज के बाद से आराजी मजकूर की बावत प्रथम पक्ष (विक्रेता) व वारिसान प्रथम पक्ष (विक्रेता) का कोई ताल्लुक व वास्ता बाकी नही रहा है और न ही आईन्दा होगा। द्वितीय पक्ष (क्रेता) को पूरा हक हासिल होगा कि वह कागज कानूनी में प्रथम पक्ष (विक्रेता) का खारिज कराकर अपना नाम दर्ज करा ले अगर बाद को किसी वक्त में किसी फेल प्रथम पक्ष (विक्रेता) या कर्जख्वाह या औलाद या अन्य किसी दीगर शख्स की देनदारी या कानूनी नुक्स से शय मुबईया का जुज या कुल कब्जा द्वितीय पक्ष (क्रेता) या वारिसान द्वितीय पक्ष (क्रेता) से निकल जावे या बगरज तहफ्फुज शय मुबईया द्वितीय पक्ष (क्रेता) को कोई सर्फा मजीद खर्चा अदा करना पड़े तो उसी कदर कुल जरे समन की वापसी का प्रथम पक्ष (विक्रेता) अपनी जात व दीगर जायदाद मनकूला व गैर मनकूला हर किस्म अपनी से कुल हर्जे व खर्चे अदालती सहित देनदार व जिम्मेदार प्रथम पक्ष (विक्रेता) होगा। वनीज आज तक की तमामी कानूनी देनदारियॉ व जिम्मेदारियॉ प्रथम पक्ष (विक्रेता) की होंगी। अब द्वितीय पक्ष (क्रेता) को हक व अधिकार है कि वह कागजात सरकारी से प्रथम पक्ष (विक्रेता) का

VKubk

नाम खारिज कराकर अपना नाम दर्ज करा ले। प्रथम पक्ष (विक्रेता) को कोई उज्र व एतराज नहीं होगा। पक्षकारान के फोटो गवाहान की पहचान पर श्री सुभाष चन्द्र माथुर एडवोकेट ने सत्यापित किये हैं।

नोट–विक्रीत आराजी का मूल्याकंन, मूल्यांकन सूची के भाग 2 प्रारूप 4 पृष्ठ 42 वी–कोड 1017 के अनुसार 1,58,00,000/–रू0 (सामान्य कृषि भूमि आबादी से संलग्न) प्रति हैक्टे0 निर्धारित है। जिस पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है। विक्रेता अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं हैं। आराजी वक्फ या कस्टोडियन की सम्पत्ति नही है। विकीत आराजी किसी मुख्य मार्ग पर स्थित नहीं है। आराजी पूर्णतः खेती की भूमि है। विकीत आराजी की 200 मीटर की त्रिज्या में एवं मौके पर तथा आस–पास खेती हो रही है। आराजी में कोई पेड़, कूप, भवन, आदि नहीं है। विकेता ने उपरोक्त खसरा नम्बर में अपने भाग में से केवल 0.195 हैक्टे0 भूमि विकय की है इस विकय पत्र के द्वारा कुल 0.195 हैक्टे0 भूमि विकय की गई है।

तफ्सील वसूली जरे समन–मुबलिग 28,25,000/–रू0 बजरिये चैक संख्या 780169 दिनांक 02.11.2020 पंजाब नेशनल बैंक मुरादाबाद प्रथम पक्ष (विक्रेता) ने द्वितीय पक्ष (क्रेता) से कब्ल रजिस्ट्री बयनामा हाजा प्राप्त कर लिये हैं।

2,16,000/–रू0 का ई–स्टाम्प सर्टिफिकेट नम्बर **IN-UP11641194494691S** अदा किया गया है।

विक्रेता

क्रेता

गवाह

फुरकान हुसैन
पुत्र श्री खलील अहमद
निवासी ग्राम सब्जीपुर
तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद

गवाह

हीरालाल
पुत्र श्री चन्द्र सिंह
निवासी हरथला अम्बेडकर
कालोनी मुरादाबाद

बयनामा हाजा आज दिनांक 11.11.2020 ई0 को बमुकाम मुरादाबाद बइकरार पक्षकारान बमशवरा श्री सुभाष चन्द्र माथुर एडवोकेट शुभम भटनागर ने टाईप किया।






नजरी नक्शा आराजी काश्त भूमिधरी खसरा संख्या 560 रकबई 0.979 हैक्टे0 में से 0.195 हैक्टे0 स्थित ग्राम पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद

प्रथम पक्ष — मैसर्स लोहिया डवलपर्स इण्डिया प्रा0 लि0

द्वितीय पक्ष — मैसर्स लोहिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0

नोट :— विकीत आराजी की 200 मीटर की त्रिज्या में खेती हो रही है।



NTM
वाद संख्या- T 202013540108243
आदेश दि० - 09-08

**आवेदन सं०: 202000719033192**

बही संख्या 1 जिल्द संख्या 12967 के पृष्ठ 301 से 314 तक क्रमांक 8073 पर दिनाँक 11/11/2020 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रवीण कुमार यादव
उप निबंधक : सदर द्वितीय
मुरादाबाद
11/11/2020

भाग 1

प्रस्तुतकर्ता अथवा प्रार्थी द्वारा रखा जाने वाला

...क सदर द्वितीय मुरादाबाद क्रम 2020265017009

...संख्या : 202000719033192

...या प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने का दिनाँक 2020-11-11 00:00:00

प्रस्तुतकर्ता या प्रार्थी का नाम विनय कुमार गुप्ता

लेख का प्रकार विक्रय पत्र

प्रतिफल की धनराशि 2825000 / 3081000

1 . रजिस्ट्रीकरण शुल्क 30810

2 . प्रतिलिपिकरण शुल्क 60

3 . निरीक्षण या तलाश शुल्क

4 . मुख़्तार के अधिप्रमाणी करण लिए शुल्क

5 . कमीशन शुल्क

6 . विविध

7 . यात्रिक भत्ता

1 से 6 तक का योग 30870

शुल्क वसूल करने का दिनाँक 2020-11-11 00:00:00

दिनाँक जब लेख प्रतिलिपि या तलाश
प्रमाण पत्र वापस करने के लिए तैयार होगा 2020-11-11 00:00:00

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

उप निबन्धक द्वितीय
मुरादाबाद

0073/20